श्री श्याम से मिलादे | by Ishrat Jahan

राधे दिखती श्याम में
और राधे में श्याम
कृष्ण मिलन की आस हो
तो ले राधे को नाम

श्री श्याम से मिलादे मुझको भी प्यारी राधे
मुझे प्रेम तू सिखा दे बरसाने वाली राधे
श्री श्याम से मिलादे ....

रग रग में सांवरे के बहती है लहू बन के
कृष्णा के दिल में राधे धड़कन के जैसे धड़के
छवि श्याम की दिखा दे ओ प्यारी प्यारी राधे
श्री श्याम से मिलादे ....

जिनके ह्रदय में जलती राधे नाम की ज्योति
श्री श्याम की कृपा से उनकी तो विजय होती
सबको भजन सिखा दे वृषभान लाली राधे
श्री श्याम से मिलादे ....

जय जय राधे राधे बोलो
जय जय राधे राधे श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-ishrat-jahan/